आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07 जून 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया गोरखपुर के आयुष विश्वव़िद्यालय का निरीक्षण, 22 जून तक अधिकारियों को निर्माण कार्य पूरा करने के दिए निर्देश।
- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा– विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने की पहल।
- शिक्षकों के अंतर जनपदीय तबादलों का आदेश जारी, 9 जून से 12 जून के बीच कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन।
- श्रद्धा तथा उल्लास के साथ पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है ईद उल अजहा का पर्व, ईदगाहों और मस्जिदों में अदा की जा रही है विशेष नमाज।

**********

गोरखपुर में निर्माणाधीन प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल महायोगी गुरु गोरक्षनाथ विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। 30 जून को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण समारोह प्रस्तावित है।

**अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्था को सभी बचे काम हर हाल में 22 जून पूरा कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण की भौतिक प्रगति की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि करीब 96 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य पूर्ण कराने के साथ ही सघन साफ सफाई कराने, सभी भवनों पर नाम लिखने, परिसर में सघन पौधरोपण कराने और विश्वविद्यालय में दक्ष फैकल्टी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए जरूरी कार्यवाही शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में करीब साढ़े 4 करोड़ रुपये की लागत से बने कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया और विभिन्न विभागों में कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्मार्ट सिटी के विजन को सेफ सिटी में भी बदलना है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भव्यता के साथ मनाएं।

**********

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल लखनऊ में एक प्रेस वार्ता में कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने की पहल है। कृषि मंत्री ने बताया कि 29 मई से 12 जून तक चलने वाले इस अभियान में अब तक 5 हज़ार से ज्यादा स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं जिनमें 87 लाख से अधिक किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस अभियान में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को नीट–पीजी 2025 की परीक्षा तीन अगस्त को एक ही पाली में आयोजित करने की अनुमति दे दी है। इससे पहले यह परीक्षा 15 जून को निर्धारित थी, लेकिन बोर्ड ने परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक समय की मांग की थी। सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नीट–पीजी 2025 की परीक्षा आयोजित करने के लिए बोर्ड को इसके बाद और समय नहीं दिया जाएगा।

**********

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामदरबार की स्थापना के बाद कल राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि तकनीकी कारणों के साथ सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए रामदरबार औऱ परकोटा के मंदिरों को कुछ समय बाद ही दर्शन के लिए खोला जाएगा।

***ये परिस्थिति नहीं है की परकोटा के छह मंदिरों में जनता को दर्शन के लिए अनुमति दी जाए वो परिस्थितियाँ शायद वर्षाकाल बीत जाने के बाद आ सकती है क्योंकि अभी निर्माण के बहुत से काम चल रहे हैं। मशीनें घूमती रहती है बड़े– बड़े पत्थर क्रेन से उठाए जाते हैं रखे जाते हैं तो हमारा धर्म है कर्तव्य है की हम सुरक्षा पर पूरा ध्यान दें हम ये कह सकते हैं की निर्माण कार्य अपनी पूर्णता की ओर है।***

**********

केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी कल महाराजगंज में एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले ग्यारह वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सिद्धार्थनगर से सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश दुनिया की चौथे नम्बर की अर्थव्यवस्था बन गया है।

**********

बेसिक शिक्षा परिषद ने शिक्षकों के अंतरजनपदीय तबादलों के लिए आदेश जारी कर दिया है। विभाग के सचिव सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी आज लिस्ट जारी करेंगे, जिसमें यह बताया जाएगा कि किस स्कूल में कितने शिक्षकों की जरूरत है। तबादले के इच्छुक शिक्षक 9 से 12 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के बाद, उन्हें 13 जून तक बीएसए ऑफिस में प्रिंट आउट जमा करना होगा। 16 जून को ट्रांसफर की लिस्ट जारी कर दी जाएगी।

**********

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज हम सांस्कृतिक विरासत संरक्षण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह भारत के सभ्यतागत गौरव को पुनर्जीवित करने की कुंजी है।

**पिछले एक दशक में भारत का सांस्कृतिक पुनरुत्थान हुआ है। सरकार ने देश के राष्ट्रनिर्माताओं को सम्मानित देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैंए ताकि उनकी विरासतें राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर संरक्षित और सम्मानित की जा सकें। आजादी का अमृत महोत्सव जैसे अभियानों के माध्यम से देश के लिए बलिदान देने वाली हस्तियों की उपलब्धियों को देशभक्ति से ओतप्रोत आयोजनों द्वारा देशभर में मनाया गया। वहीं भारत की धरोहर स्मारकों जैसे प्रधानमंत्री संग्रहालयए राष्ट्रीय पुलिस स्मारकए जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय और नया संसद भवन अब राष्ट्रीय एकता के प्रतीक बन चुके हैं। एक भारतए श्रेष्ठ भारत पहल के तहतए काशी तमिल संगमम और महाकुंभ 2025 जिसमें 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया जैसे आयोजन विविधता में एकता की भावना का भव्य उत्सव बनें। वहीं बौद्ध शिखर सम्मेलन और सिख गुरुओं के प्रकाश पर्व पर आयोजित वैश्विक कार्यक्रमों ने भारत की आध्यात्मिक विरासत को और अधिक मजबूत किया है। योग भी एक वैश्विक अभियान बनकर उभरा हैए जिससे भारतए जन कल्याण का अंतरराष्ट्रीय स्वर बन गया है। वहींए आयुर्वेद क्षेत्रए भारत को समग्र स्वास्थ्य सेवा का केंद्र बना रहा है। भारत ने यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में भी अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है। भारत के 43 विश्व धरोहर स्थल हैं और 62 स्थल संभावित सूची में शामिल हैं। इसके साथ ही विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट यवेव्सद्ध जैसे आयोजन भारत की मीडिया और मनोरंजन प्रतिभा को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित कर रहे हैं। भारत की संस्कृति अब न केवल देश मेंए बल्कि विदेशों में भी देखी और सम्मानित की जा रही है।**

**********

ईद उल अजहा का त्यौहार आज पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास और धार्मिक परंपराओं के साथ मनाया जा रहा है। लखनऊ, बिजनौर सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में बकरीद की विशेष नमाज ईदगाहों और मस्जिदों में अदा की जा रही है जिसमें देश की तरक्की, अमन और भाईचारे के लिए दुआएं की जा रही हैं। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके पूर्व कल सभी जनपदों में पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने बकरीद को लेकर गाइडलाइन जारी की है। उन्होंने लोगों से इस गाइडलाइन पर अमल करने की अपील की है।

***कुर्बानी सिर्फ हमेशा की तरह उन्हीं जानवरों पे की जाए जिन पर कोई कानूनी बंदिश नहीं है और कुर्बानी करते वक्त साफ सफाई और हाइजीन और क्लीनलीनेस का ज़रूर जरूर ख्याल रखा जाए। कुर्बानी किसी पब्लिक प्लेस पे न की जाए बल्कि जो पहले ऐसी डेजिग्नेटेड स्पॉट्स है वही पर कुर्बानी की जाए न गली में की जाए न सड़क किनारे की जाए और उसी के साथ साथ इस बात का भी ख्याल रखे की कुर्बानी करते वक्त न कोई फोटो खींची जाए, न कोई विडियो बनाया जाए और न सोशल मीडिया पर अपलोड किया जाए।***

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने 9 जून से प्रदेश के कई इलाकों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। आगामी 4 दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

**********